दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 14 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 257

नीट विवाद : 1,563 छात्रों के हटाए जाएंगे ग्रेस अंक

नईदिल्ली | आरएनएस

राष्ट्रीय प्रवेश-सह पात्रता परीक्षा (नीट) से जुड़े विवाद में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि परीक्षा में ग्रेस अंक पाने वाले 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और ये छात्र दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।पीठ ने कहा कि वह काउंसिलिंग पर रोक नहीं लगा सकते। पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से 2 हफ्ते में जवाब भी मांगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनटीए ने कोर्ट में कहा कि लिखने के लिए कम समय पाने वाले सभी 1,563 उम्मीदवारों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। जो छात्र फिर से परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके ग्रेस अंक हटने के बाद वाले अंक मान्य होंगे। नीट की दोबारा परीक्षा 23 जून को होगी और परिणाम 30 जून तक आएगा। काउंसिलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी।

सुप्रीम कोर्ट में नीट में गड़बड़ी को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसमें डॉ पाण्डेय और शिवांगी सहित 10 छात्रों ने परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाया है।उन्होंने कोर्ट से काउंसिलिंग रोकने, परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने की मांग की है।गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वह अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक देने को लेकर है। आरोप है परिणाम में ग्रेस अंक देना मनमाना फैसला है।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रों की परीक्षा रद्द करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने परीक्षा की शुचिता पर सवाल उठाते हुए जवाब मांगा था।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह सफल उम्मीदवारों के लिए प्रवेश के लिए काउंसलिंग पर रोक नहीं लगा सकती।मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को 8 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की अगुवाई वाली पीठ के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए थे।

नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 5 मई को देशभर के 571 और विदेश के 14 शहरों में किया गया था। उस दौरान 8 फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया था।ये आरोपी किसी अन्य परीक्षार्थी की जगह लाखों रुपये लेकर परीक्षा देने आए थे। आरोप ये था कि उनके पास पेपर में आने वाले सवालों की जानकारी पहले से थी।उसके बाद पेपर लीक होने को लेकर हंगामा भी हुआ था, लेकिन एनटीए ने उसे लीक नहीं माना था।

पेपर लीक के आरोपों के बीच एनटीए ने इस परीक्षा का परिणाम निर्धारित 14 जून की जगह 4 जून को ही जारी कर दिया।इसमें रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने ऑल इंडिया रैंकिंग (एआईआर-1) हासिल की थी। इन सभी के 720 में से 720 अंक आए थे।बड़ी बात यह रही कि एक ही परीक्षा केंद्र से 8 उम्मीदवारों ने एआईआर-1 हासिल की थी। कई उम्मीदवारों के 719 और 718 नंबर भी आए थे। उसके बाद हंगामा खड़ा हो गया।

संसद में गूंजेगा नीट परीक्षा का मामला, विपक्ष ने की सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। नीट परीक्षा का मामला अब संसद के भीतर उठाया जाएगा। विपक्ष ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि नीट परीक्षा की गूंज संसद के भीतर गूंजेगी। कांग्रेस ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गुरुवार को आरोप लगाया कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। अगर सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस पूरे मामले की जांच हो। गौरतलब है कि देशभर के 24 लाख छात्रों ने नीट के लिए आवेदन किया था। गौरव गोगोई ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नेतृत्व में यह पूरा स्कैम हुआ है और अब एनटीए को ही जांच करने के लिए कहा गया है। ऐसे में निष्पक्ष जांच की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। कांग्रेस ने कहा कि नीट परीक्षा में जिन 1563 छात्रों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए गए, उन सभी को अब दोबारा परीक्षा देनी होगी। इन छात्रों के लिए 23 जून को परीक्षा होगी। ऐसे छात्र जो दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके अतिरिक्त स्कोर (ग्रेस मार्क्स) को रद्द किया जाएगा। ग्रेस मार्क्स हटाने के बाद जो इन छात्रों का स्कोर होगा, वहीं अंतिम स्कोर माना जाएगा। गोगोई ने कहा कि इस परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री चुप हैं। जिस (एनटीए) एजेंसी के नेतृत्व में यह पूरा घोटाला हुआ उसी को जांच करने की जिम्मेदारी दे दी गई। देशभर में लाखों छात्र एक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इतना बलिदान करते हैं। लेकिन आज देश में कोचिंग सेंटर और एग्जाम सेंटर की एक मिलीभगत है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रश्न जानने के लिए लाखों रुपए मांगे जाते हैं, क्या एनटीए इसकी जांच कर पाएगा। अगर एग्जाम सेंटर, कोचिंग सेंटर को किसी सुराग से प्रश्न पत्र मिला है तो इसमें जरूर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का कोई अधिकारी शामिल है। ऐसे में कैसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी इस पूरे प्रकरण की जांच कर सकती है। गोगोई ने कहा कि आज 24 लाख छात्रों ने जो नीट परीक्षा दी, उसमें घोटाले का आरोप लगा है। ऐसे में प्रधानमंत्री क्यों नहीं इस परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। यदि केंद्र सरकार सीबीआई जांच की मांग नहीं मानती है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस मामले की जांच करवाई जाए।

महत्वपूर्ण एवं खास

गाजियाबाद के लोनी इलाके में 3 मंजिला मकान में आग लगी, 2 बच्चों समेत 5 की मौत

गाजियाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बुधवार देर रात हादसा हो गया। यहां के लोनी बॉर्डर इलाके के बेहटा हाजीपुर गांव में एक 3 मंजिला मकान में आग लग गई।हादसे में 2 बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 2 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। एक महिला और एक बच्चे को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आग की सूचना पर अग्निशमन विभाग के वाहन मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। अपर पुलिस आयुक्त दिनेश पी ने बताया कि 3 मंजिला मकान में सबसे निचले तल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।उन्होंने बताया कि कमरे में काफी मात्रा में फोम शीट था, जिससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। इससे लोगों को बचकर निकलने का समय नहीं मिल गया।आग बुझाने के बाद मौके से 5 लोगों के शव मिले, जो निचले तल के थे। हादसे के समय मकान में 7 लोग मौजूद थे।

21 जून को पीएम मोदी के दौरे से पहले श्रीनगर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

श्रीनगर (आरएनएस)। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर के प्रस्तावित दौरे से पहले वहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया, वीवीआईपी दौरे के लिए सभी सुरक्षा इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री 21 जून को श्रीनगर में प्रसिद्ध डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन कॉम्प्लेक्स (एसकेआईसीसी) में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे। अधिकारी ने कहा, समारोह स्थल की सफाई, प्रधानमंत्री के मार्ग की सुरक्षा और अन्य सभी संबंधित पहलुओं पर बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की निजी सुरक्षा से जुड़ी एसपीजी की एक टीम स्थानीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का समन्वय करने के लिए प्रधानमंत्री के दौरे से दो दिन पहले यहां पहुंच जाएगी। अधिकारी ने बताया कि समारोह में प्रमुख खिलाड़ियों सहित करीब 6,000 लोग प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल होंगे।

फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर लगी रोक, सुप्रीम कोर्ट ने टीजर को बताया बेहद आपत्तिजनक

नईदिल्ली (आरएनएस)। पिछले काफी समय से फिल्म हमारे बारह विवादों में है। फिल्म के निर्माताओं की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। जहां दर्शकों का एक वर्ग फिल्म की आलोचना कर रहा है, वही दूसरी ओर निर्माता-निर्देशक और फिल्म के कलाकार इसका समर्थन कर रहे हैं।अब सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी है, जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट फिल्म में आपत्तिजनक दृश्यों के संबंध में मामले की सुनवाई और निपटारा नहीं कर देता। सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर रोक लगा दी है।सुनवाई के दौरान जजों ने कहा कि उन्होंने आज फिल्म का टीजर देखा और उन्हें यह बेहद आपत्तिजनक लगा।सुप्रीम कोर्ट ने कहा, उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका के निपटारे तक, संबंधित फिल्म का प्रदर्शन स्थगित रहेगा।इसके साथ ही हाई कोर्ट से अनुरोध करते हुए कहा है कि याचिका को तेजी से निपटाया जाए टीजर जारी होने के बाद से ही इस फिल्म को लेकर बवाल मचा हुआ है। इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की जा रही है, वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हमारे बारह का ट्रेलर भी हटाया जा चुका है।फिल्म पर धर्म विशेष के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है। सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए देश के कई हिस्सों में फिल्म पर प्रतिबंध भी लगाया गया है।

इंस्टाग्राम रील बनाने के दौरान हाथी ने युवक को दौड़ाया, कुचलकर मारा

लखनऊ,13 जून (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक 30 वर्षीय युवक जंगली हाथी के गुस्से का शिकार हो गया। युवक हाथी की वीडियो बना रहा था, तभी उसने हमला कर मार डाला।घटना धामपुर क्षेत्र के हबीबवाला गांव में घटी है। मृतक युवक का नाम मुर्सलीन बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुर्सलीन जंगली हाथी की इंस्टाग्राम रील बना रहा था। हाथी अभी गांव के आसपास ही है।

विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट, घटना में 5 लोगों की मौत, 5 जख्मी

नागपुर | आरएनएस

महाराष्ट्र के नागपुर शहर के पास एक विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में गुरुवार को धमाका हो गया। फैक्ट्री में विस्फोट के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में हुई। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब 1:00 बजे उस समय हुआ, जब श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अभी इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

नागपुर पुलिस कमिश्नर रविंदर सिंघल ने कहा, इस घटना में करीब 4-5 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 4 महिलाएं भी शामिल हैं। हमारी जांच जारी है। हमारी टीम, क्राइम ब्रांच और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, कार्रवाई की जा रही है।

इससे पहले महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में एक बंद रसायनिक फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लग गई। कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने बताया कि इकाई में विस्फोट भी हुआ है। अधिकारी ने बताया कि इकाई से निकलता घना धुआं काफी दूर से देखा जा सकता था। यह इकाई अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है, जहां 23 मई को हुए भीषण विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे।

कठुआ के सैडा सोहल में फिर दिखे संदिग्ध, सुरक्षाबलों ने घेरा इलाका

❑ शुरू किया तलाशी अभियान

श्रीनगर | आरएनएस

जम्मू संभाग के जिला कठुआ के हीरानगर के सैडा सोहल गांव में गुरुवार को फिर संदिग्ध दिखे हैं। आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों ने फिर अभियान शुरू कर दिया है। इसी गांव में बुधवार को ही सुरक्षाबलों ने 15 घंटे के ऑपरेशन में दो आतंकियों को ढेर किया था।

जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के सैडा सोहल गांव में मंगलवार की रात से चल रहे आतंकियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली। इलाके में दहशत फैलाने वाले दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया जबकि इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान भी बलिदान हो गया। लगभग 15 घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद भी सुरक्षाबलों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान को जारी रखा है। मारे गए आतंकियों से कैश के अलावा भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इलाके में कुछ और आतंकी भी छिपे हो सकते हैं लिहाजा ऑपरेशन को जारी रखा गया है।

मंगलवार की देर रात तक इलाके की घेराबंदी के बाद सुबह तीन बजे के लगभग सुरक्षाबलों ने घेरेबंदी को कसना शुरू किया तो आतंकी बौखला गया। उसने सुरक्षाबलों के वाहनों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दी। गोलीबारी की चपेट में तीन वाहन आए, जिनमें से दो में डीआईजी और एसएसपी भी मौजूद थे। यहीं आतंकियों का मुकाबला करते सीआरपीएफ के एक जवान घायल हो गए। रात तीन बजे के लगभग उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उधर, सुरक्षाबलों ने तडक़े फिर आतंकी को घेरना शुरू किया। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली गई। ड्रोन से आतंकी की लोकेशन मिलने के बाद सुबह सुरक्षाबलों ने उसे कुछ ही समय में ढेर कर दिया। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने इस संदर्भ में हीरानगर थाने में एफआईआर संख्या 101/2024 में आईपीसी की धारा 307,120 बी, 121 ए, 122, यूएपीए और 7/21, 13/16/18/23 के अंतगर्त दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

एडीजीपी आनंद जैन ने बताया कि दो आतंकियों को ऑपरेशन में मार गिराया गया है। एक सीआरपीएफ के जवान ने भी शहादत पाई है। ऑपरेशन फिलहाल खत्म नहीं हुआ है कुछ और संदिग्धों के भी इलाके में छुपे होने की आशंका है। ऐसे में यह ऑपरेशन अभी जारी है। पूरे इलाके को खंगाला जा रहा है।

अग्निपथ योजना में बड़े बदलाव की तैयारी

60-70 प्रतिशत सैनिकों को मिल सकती है स्थायी नियुक्ति

नईदिल्ली | आरएनएस

भारतीय सेना में भर्ती और सेवा के लिए लाई गई अग्निपथ योजना शुरू से ही विवादों में है। लोकसभा चुनाव में भी इसका मुद्दा खासा उठा था और विपक्षी पार्टियों ने इस योजना को बंद करने का वादा किया था।अब खबर है कि भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर एक आंतरिक सर्वे किया है। इसमें कई अहम बिंदू सामने आए हैं, जिनकी समीक्षा के बाद योजना में कुछ बड़े बदलाव किए जा सकते हैं।

फिलहाल अग्निपथ योजना में 4 साल की सेवा के बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही स्थायी नियुक्ति दी जाती है। अब इस कोटे को बढ़ाने की चर्चाएं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सेना 60 से 70 प्रतिशत अग्निवीर को स्थायी नियुक्ति देने

पर विचार कर रही है।विशेष और तकनीकी बलों के लिए ये सीमा 75 प्रतिशत तक हो सकती है। दूसरी सेवाओं में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी करने की तैयारी चल रही है।

अग्निपथ योजना में सैनिकों को 4 साल के लिए भर्ती किया जाता है। इसके बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी नियुक्ति मिलती है।अब सैनिकों की सेवा अवधि को 4 साल से बढ़ाकर 7-8 साल करने पर विचार किया जा रहा है। 4 साल की सेवा अवधि में सैनिकों की ट्रेनिंग मात्र 9 महीनों की होती है।सेवा अवधि बढ़ाने से सैनिकों को ग्रेच्युटी और पूर्व सैनिक जैसे लाभ मिल पाएंगे।

अग्निपथ योजना से पहले सेना में सैनिकों के लिए प्रशिक्षण अवधि 37 से 42 सप्ताह के बीच थी। योजना में इसे घटाकर 24 हफ्ते कर दिया गया था। अब इसे फिर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।सेना के सर्वे के निष्कर्षों के मुताबिक, प्रशिक्षण अवधि को घटाने से अग्निवीरों के समग्र प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इसके अलावा तकनीकी क्षेत्रों में भी ग्रेजुएट कर्मियों को भर्ती किए जाने पर विचार हो रहा है।

सेना तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती की आयु सीमा बढ़ा सकती है। अभी 17 से 21.5 वर्ष की आयु के बीच अग्निवीरों को रखा जाता है। सेना सिग्नल, एयर डिफेंस और इंजीनियर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती के लिए उम्र सीमा बढ़ाकर 23 साल करने का प्रस्ताव कर रही है।इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान विकलांग हो गए सैनिकों के लिए सहायता और सेवा समाप्त होने के बाद नौकरी ढूंढने के तरीकों पर भी चर्चा हो रही है।

अग्निपथ योजना तीनों सेनाओं, थल सेना, भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए एक अखिल भारतीय योग्यता-आधारित भर्ती प्रक्रिया है। इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को 'अग्निवीर' कहा जाता है और उन्हें 4 साल के लिए सेना में सेवा का अवसर मिलता है।इसके बाद योग्यता, इच्छा और मेडिकल फिटनेस के आधार पर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सेवा में बरकरार रखा जाता है।लागू होने के समय युवाओं ने इस योजना का खासा विरोध किया था।

दिल्ली में बंदूक दिखाकर 2 लोगों से 50 लाख रुपए की लूट, बदमाश पकड़ा गया

नईदिल्ली | आरएनएस

दिल्ली के पूर्वी इलाके में स्थित अक्षरधाम मंदिर के पास 4 बदमाशों ने बुधवार को 2 लोगों को बंदूक दिखाकर 50 लाख रुपये लूट लिए गए।यह घटना दोपहर को मंदिर से कुछ दूर पांडव नगर इलाके में हुई। पीड़ित कर्मचारी मोहित शर्मा और अरुण त्यागी हैं। दोनों लोग गाजियाबाद के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फार्म के कर्मचारी थे।पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मोहित और अरुण दोनों पश्चिमी दिल्ली में किसी से पैसे लेकर गाजियाबाद जा रहे थे।तभी अक्षरधाम पहुंचने पर 2 बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने उनको बंदूक दिखाते हुए सडक़ किनारे रुकने को कहा। घटना के समय दोनों कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर पहुंचने वाले थे।बंदूक देखते ही दोनों कर्मचारियों ने भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर उनको सडक़ के किनारे गिरा दिया। बाइक में टक्कर मारने के दौरान एक बदमाश भी अपना संतुलन खो बैठा और वहीं गिर गया, जबकि बाकी तीनों कर्मचारियों से बैग छीनकर भाग निकले।चौथे लुटेरे ने भागने की कोशिश की तो राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और धुनाई कर दी। उन्होंने बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया है।पुलिस का कहना है कि चौथे बदमाश और सीसीटीवी की सहायता से अन्य की तलाश की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा हो जाएगा।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जारी किए चार आतंकियों के स्केच

जम्मू | आरएनएस

डोडा जिले में हुए आतंकी हमलों के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। साथ ही इन आतंकियों की सूचना देने पर इनाम का ऐलान भी किया है।

पुलिस ने इन आतंकवादियों के बारे में ठोस जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये (प्रत्येक पर पांच लाख रुपये) का इनाम देने की भी घोषणा की। बुधवार को करीब 1.45 बजे आतंकवादियों ने डोडा जिले के भद्रवाह इलाके के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग कर दी।

एक अन्य घटना में, आतंकवादियों ने गंडोह इलाके में एक तलाशी दल पर हमला किया, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। माना जा रहा है कि ये आतंकी भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में छिपे हो सकते है।

प्रत्येक आतंकवादी की जानकारी देने पर 5 लाख रुपये के नकद इनाम का ऐलान किया गया है। पुलिस ने लोगों से इन आतंकवादियों की मौजूदगी और गतिविधियों के बारे में सूचना देने की अपील की है।

इससे पहले पुलिस ने मंगलवार को रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया था और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी।

गौरतलब है कि जम्मू के रियासी में रविवार 9 जून को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया था। यह बस शिवखोड़ी से वापस आ रही थी। गोलीबारी के चलते बस सडक़ से उतरकर गहरी खाई में गिर गई।

मध्य प्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायुसेवा की शुरुआत

❑ हवाई पट्टी वाले जिलों में खुलेंगे पायलट प्रशिक्षण केंद्र

भोपाल | आरएनएस

मध्य प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में गुरुवार को बड़ी सौगात मिली है। यहां पर्यटन केंद्रों को हवाई मार्ग से जोडऩे के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की शुरुआत हुई और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ऐलान किया है कि जिन जिलों में हवाई पट्टी हैं वहां पायलट प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजधानी के राजा भोज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भोपाल से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट का शुभारंभ किया। यह फ्लाइट भोपाल से जबलपुर होकर रीवा जाएगी, वहां से सिंगरौली लैंड होगी। भोपाल एयरपोर्ट पर टिकट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य में विकास की उड़ान जारी है। पहले स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एयर एंबुलेंस की शुरुआत की गई है और अब पर्यटन के क्षेत्र में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू हो रही है। सेवा से पर्यटन, खेल और उद्योग जगत में बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आगे कहा कि इस वायु सेवा के शुरू होने से रोजगार के अवसर भी शुरू होंगे। जिन जिलों में हवाई पट्टियां हैं, वहां पायलट प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे और इसके लिए शिक्षा विभाग से डिप्लोमा की योजना को भी अमल में लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के शुरू होने से पर्यटकों को सुविधा होगी, कम समय भी लगेगा। जिन स्थानों पर पहुंचने में कई घंटे लगते थे, आप वहां कुछ हे मिनटों में पहुंचा जा सकेगा।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति एवं प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के शिव शेखर शुक्ला, प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैयाराजा टी. सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत प्रदेश के आठ शहर भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इस सेवा का संचालन मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाईओला) द्वारा किया जा रहा है।